हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025

11 फतेहाबाद में धूं- धूं कर जल गया दशानन का अहंकार



12 वर्तमान युग में बापू का संदेश और अधिक प्रासंगिक...



## खबर संक्षेप

### सितंबर के राशन वितरण की अवधि 8 तक बढ़ी

**फतेहाबाद।** जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले नियंत्रक विनीत जैन ने बताया कि जिला फतेहाबाद में सितंबर माह में राशन से वंचित सभी एएवाई, बीपीएल राशन कार्ड धारकों को मास सितंबर 2025 में आवश्यक वस्तुओं जैसे गेहूं, चीनी व सरसों तेल की वितरण अवधि 8 अक्टूबर तक बढ़ाई गई है। उन्होंने बताया कि जिन लाभार्थियों द्वारा मास सितंबर का राशन अभी तक किसी कारणवश प्राप्त नहीं किया है वे पात्र लाभार्थी अपने नजदीकी डिपू पर जाकर पीओएस के माध्यम से 8 अक्टूबर तक सभी आवश्यक वस्तुएं प्राप्त कर सकते हैं।

### सीआईए ने अवैध हथियार सहित युवक दबोचा

**फतेहाबाद।** सीआईए टोहाना पुलिस टीम ने एक युवक को अवैध पिस्तौल और कारतूस सहित काबू करने में कामयाबी हासिल की है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सीआईए टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक अशोक कुमार ने बताया कि हेडकांस्टेबल रणधीर सिंह अपनी टीम के साथ गश्त व पड़ताल के लिए सरकारी वाहन से टोहाना शहर से डांगरा, पिरथला व ठरवी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान खेल स्टेडियम पिरथला के पास एक युवक ने पुलिस वाहन को देखकर घबराहट में स्टेडियम की दीवार फांदकर भागने की कोशिश की।

### जानलेवा हमला, तीन आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गुरुनानकपुरा मोहल्लो में युवक पर जानलेवा हमलाकरने के मामले में बस अड्डा चौकी पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हरप्रीत उर्फ मौली पुत्र सुरेंद्र, आकाशदीप उर्फ कासु पुत्र सुरेंद्र व विशाल सिंह पुत्र प्रेमपाल सिंह उर्फ पाली निवासी शक्ति नगर, गुरुनानकपुरा मोहल्ला, फतेहाबाद के रूप में हुई है। बस अड्डा चौकी प्रभारी सुमित ने बताया कि शिकायतकर्ता मनप्रीत सिंह पुत्र दलजीत सिंह, निवासी गुरुनानकपुरा मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 11 सितम्बर की रात करीब 10:15 बजे, वह अपनी कार से घर लौट रहा था।

### हमला करने के मामले में एक और गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** स्कूटी सवार युवक पर घात लगाकर हमला, जातिसूचक गाली-गलौज व मारपीट करने के मामले में टोहाना पुलिस ने एक ओर युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान गांव ललौदा निवासी प्रदीप पुत्र सतबीर सिंह के रूप में हुई है। उसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इससे पहले इसी केस में 4 आरोपी पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि यह मामला गांव ललौदा निवासी परमजीत पुत्र ज्ञान सिंह के बयान पर दर्ज किया गया था।

### तोड़फोड़ करने के मामले में दो युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** टिब्बा बस्ती में एक परिवार पर हमला करने के मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने बस्ती के ही दो युवकों को काबू किया है। आरोपी की पहचान साहिल पुत्र मुकेश कुमार व अजय पुत्र मुकेश कुमार के रूप में हुई है। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि टिब्बा बस्ती निवासी ईश्वर सिंह पुत्र ओमप्रकाश ने शिकायत दी थी कि 28 सितम्बर की शाम वह अपने घर के पास कार साफ कर रहा था। इसी दौरान मोहल्ले के कुछ युवक हथियारों सहित वहां आए और उस पर हमला कर दिया। पीड़ित को पीठ और हाथों पर गंभीर चोटें आईं। गाड़ी में तोड़फोड़ की गई।

---

### डीएमसी की तोड़फोड़ के विरोध में ऐतिहासिक रहा 'फतेहाबाद बंद'

# रावण से पूर्व जला 'बेलगाम अधिकारी' का पुतला

**दुकानदार हंस मार्किट से जुलूस की शक्ल में बाजारों में प्रदर्शन किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

पिछले दिनों नगरपरिषद द्वारा दुकानदारों के विरुद्ध की गई तोड़फोड़ के विरोध में वीरवार को दशहरे के दिन फतेहाबाद में अभूतपूर्व व ऐतिहासिक बंद रहा। दुकानदारों ने सुबह ही हंस मार्किट में व्यापार मंडल के प्रधान बजरंग दास गर्ग के नेतृत्व में एकत्रित होकर इस सारी कार्रवाई का ठिकरा डीएमसी संजय बिश्नोई के सिर फोड़ा। दुकानदार हंस मार्किट से जुलूस की शक्ल में बाजारों में प्रदर्शन करते हुए जवाहर चौक पहुंचे और डीएमसी संजय बिश्नोई के सरकार के रावणरूपी बेलगाम अधिकारी का पुतला फूंका। आज के बंद की खास बात यह रही कि फतेहाबाद में इससे पूर्व ऐसा कामयाब बाजार बंद कभी नहीं रहा। फतेहाबाद में नगर परिषद द्वारा अतिक्रमण के नाम पर की गई तोड़फोड़ के विरोध में व्यापार मंडल के आह्वान पर दुकानदारों ने वीरवार को दोपहर तक बाजार बंद रखे। सभी बाजारों में दुकानें पूरी तरह बंद नजर आई। इस दौरान दुकानदारों ने जवाहर चौक पर डीमएसी का पुतला फूंककर रोष जताया। दोपहर बाद दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानों को खोला। इससे पहले सुबह 9 बजे हंस मार्केट में शहीद भगतसिंह चौक पर दुकानदार एकत्रित हुए। यहां से विरोध प्रदर्शन करते हुए जवाहर चौक तक पहुंचे। जवाहर चौक पर अधिकारियों का पुतला फूंककर प्रशासन के प्रति विरोध जाहिर किया। व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने अतिक्रमण के नाम पर परेशान करने वाले अधिकारियों को ही रावण बताया।

**दुकानदारों ने जवाहर चौक पर डीमएसी का पुतला फूंककर रोष जताया**



फतेहाबाद। दिनभर बाजार बंद रहा। फोटो: हरिभूमि



फतेहाबाद। शहर में प्रदर्शन करते दुकानदार। फोटो: हरिभूमि



फतेहाबाद। अधिकारियों का पुतला फूंकते दुकानदार। फोटो: हरिभूमि

#### तानाशाह अधिकारी को किया जाए सस्पेंड

एक तरफ भाजपा सरकार व्यापारियों हितों को ध्यान में रखते हुए उन्हें अनेक तरह की सुविधाएं दे रही है वहीं डीमसी जैसे अधिकारी सरकार की नीतियों के विपरीत कार्य करते हुए दुकानदारों को परेशान कर रहे हैं। इसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बात नगरपरिषद फतेहाबाद के पूर्व प्रधान दर्शन नागपाल ने दुकानदारों द्वारा शहर बंद का समर्थन करते हुए कही। दर्शन नागपाल ने दुकानदारों के खिलाफ की गई तोडफ़ोड़ की कार्रवाई पर निराशा जताते हुए कहा कि वह जल्द ही इस मामले में सीएम नायब सिंह सैनी और केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भी मुलाकात करेंगे और व्यापारियों का पक्ष रखते हुए उन्हें राहत देने की मांग करेंगे।

#### दुकानदारों ने ऐतिहासिक बाजार बंद कर एकजुटता की दी मिसाल: पियुष नारंग

युवा समाजसेवी पियुष नारंग ने फतेहाबाद में व्यापारियों द्वारा किए गए बाजार बंद को एकजुटता की मिसाल बताया है। बाजार में अधिकतर दुकानदारों ने धूप और बरसात से बचने के लिए निर्धारित सीमा में अपने शैड लगवा रखे थे, जिनसे आम जनता को कोई परेशानी भी नहीं हो रही थी लेकिन प्रशासन न केवल दुकानों के बाहर लगे शैड को उखाड़ फैंका वहीं दुकानदारों को भी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। नगरपरिषद के पूर्व प्रधान स्व. विरेन्द्र नारंग के कार्यकाल में दीपावली पर शहर के बाजारों को लाइटों से सजाया जाता था।

#### सेवा शुल्क के चक्कर में नाजायज तोड़फोड़ कर रहे हैं भ्रष्ट अधिकारी: बजरंग गर्ग

जवाहर चौक स्थित कृष्णा सेवा समिति में पत्रकारों से बातचीत में व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि भ्रष्ट अधिकारी सेवा शुल्क लेने के चक्कर में व्यापारी की दुकानों में नाजायज तोड़-फोड़ कर रहे हैं जबकि हिंदू धर्म में दीपावली व दशहरे का सबसे बड़ा त्यौहार होता है। प्रशासन को व्यापारी व जनता का सहयोग करना चाहिए। बजरंग गर्ग ने कहा कि नगर परिषद भ्रष्टाचार का अड्डा बनाया है, जहां पर बिना सेवा शुल्क दिए कोई काम नही होता है जबकि सरकारी अधिकारी व्यापारी व जनता का सहयोग करने की बजाएं उन्हें नाजायज तंग कर रहे हैं।

#### कांग्रेस व इनेलो नेता रहे गायब

व्यापारियों के प्रस्तावित बाजार बंद से एक दिन पूर्व कांग्रेस व इनेलो के कई नेताओं ने बंद को समर्थन की घोषणा की थी, लेकिन वीरवार को दुकानदारों के प्रदर्शन के दौरान जिले का कोई भी कांग्रेसी व इनेलो नेता दुकानदारों के साथ खड़ा नजर नहीं आया बल्कि भाजपा से कुछ रूष्ट नेता जरूर दुकानदारों के साथ खड़े दिखाई दिए।

#### अधिकारियों की मनमानी ने उजाड़ा फतेहाबाद शहर

अधिकारियों ने मनमानी करते हुए फतेहाबाद शहर को पूरी तरह उजाड़ कर रख दिया है। अधिकारियों की इस गुण्डागर्दी के खिलाफ दुकानदारों ने अभूतपूर्व बाजार बंद कर यह साफ कर दिया कि अब शहरवासी ऐसे अधिकारियों से डरने वाले नहीं है बल्कि एकजुट होकर इसका विरोध किया जाएगा।

#### किसान संगठन दुकानदारों के साथ

किसान नेता मनदीप नथवान ने कहा कि सरकार की गलत नीतियों से देश का व्यापारी, उद्योगपति और किसान बेहद दुखी है। ऐसे अधिकारियों का समय रहते इलाज करना उचित है। एक बार ढंग से इनको ट्रीटमेंट दे दो, दोबारा ऐसी नौबत नहीं आएगी। उन्होंने दुकानदारों को विश्वास दिलाया कि किसान संगठन भी उनके साथ खड़े हैं।

#### प्रदर्शन में यह रहे मौजूद

मौके पर प्रदेश प्रचार मंत्री विनोद अरोड़ा, शहरी अध्यक्ष अशोक नारंग, प्रदेश मंत्री श्याम सुंदर बंसल, सुरेंद्र मित्तल, पार्षद मोहन लाल नारंग, राजेंद्र चौधरी काका समाजसेवी, बीजेपी नेता राखी मक्कड़, पार्षद राजेंद्र अहुजा, पार्षद चंद्रभान वधवा, साहब दयाल वधवा, ओम प्रकाश चुघ, धर्मपाल चावला, यश तनेजा, विकास बत्रा मोबाइल मार्केट, क्लॉथ मार्केट से कंवरभान टूटेजा, रेडीमेड संगठन से प्रेम आहुजा, देवीलाल, देवेंद्र मोंगा, लवली मेहता, मनोज ठाकुर आदि मौजूद थे।

#### पार्षदों ने दिया बाजार बंद को समर्थन

व्यापार मंडल के बाजार बंद का आज पार्षदों ने भी समर्थन किया और प्रदर्शन में शामिल हुए। इनमें पार्षद मोहन लाल नारंग, पार्षद प्रतिनिधि राजेंद्र आहूजा, सुखदेव सिंह, मास्टर चंद्र भान, निर्मल सिवाच, मनोज भयाना, अनिल गर्ग और बेअंत सिंह विशेष रूप से शामिल रहे। पार्षद मोहन लाल नारंग ने कहा कि आज के सफल बंद से हरियाणा सरकार व स्थानीय प्रशासन को सबक लेना चाहिए। पार्षदों ने अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही के तौर-तरीकों पर गंभीर सवाल उठाए। उनका कहना था कि इस विषय पर कभी भी चुने हुए पार्षदों से चर्चा नहीं की गई और अधिकारी अपनी मनमानी कर रहे हैं।

---

## आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर रेड

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली

- नशीली व एक्सपायरी दवा मिलने पर किया सील

सीआईए स्टाफ डबवाली ने आयुर्वेदिक चिकित्सकों की टीम के साथ गुरुकृपा आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर रेड कर एक्सपायर हुई दवाएं मिलने पर मेडिकल संचालक हरजिन्द्र सिंह पुत्र अजीत सिंह निवासी गांव डबवाली के खिलाफ कार्रवाई की गई। सीआईए प्रभारी राजपाल ने बताया कि उन्हें सूचना मिली के गुरुकृपा आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर में नशीली व एक्सपायर हुई दवाओं का धंधा किया जा रहा है। जो उनके निर्देशन में एएसआई बलवान सिंह अपनी टीम व डॉ. अनीता सपरा तथा डॉ प्रदीप गर्ग की संयुक्त टीम को साथ लेकर गुरुकृपा आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर को चेक किया गया।



सिरसा। आयुर्वेदिक मेडिकल को सील करते। फोटो: हरिभूमि


#### दवाओं के बिल व परमिट की मांग

जो मेडिकल स्टोर संचालक से दवाओं के बिल व परमिट की मांग की गई तो वह कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। जिस पर चिकित्सकों की टीम ने मेडिकल स्टोर में एक्सपायरी दवाएं व अनियमितताएं पाए जाने पर मेडिकल स्टोर सील कर संचालक हरजिंदर सिंह के खिलाफ कार्रवाई की गई।

## खड़ी कारों के शीशे तोड़े, लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

शहर में बदमाशों ने बुधवार रात को नहर कालोनी में जमकर उत्पात मचाया। बदमाशों ने गीता धर्मशाला के पास सडक़ किनारे 3 कारों के शीशे तोड़ दिए। अगले दिन सुबह जब घरों से बाहर आए तो वाहनों के शीशे टूटे देखे। इसके बाद डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी लेकर जांच शुरू की। लोगों ने बताया कि इस सडक़ पर रोजाना 15 से 20 गाडिय़ां खड़ी रहती हैं। इनमें से बुधवार रात को तीन कारों स्विफ्ट और आई-10 के शीशे तोड़ दिए गए। कार मालिक संजय कुमार ने बताया कि उनकी कार पर कवर लगे हुए हैं। 10 दिन से कार यहां खड़ी थी। कवर लगी कार को भी पत्थर मारकर तोड़ दिया है।



फतेहाबाद। गाड़ी के तोड़े गए शीशे। फोटो: हरिभूमि

#### कैमरे भी नहीं लगे

संजय कुमार ने बताया कि घर के पास कार खड़ी करने के लिए पर्याप्त जगह नहीं है, इसलिए वाहन मालिक यहां गाड़ियां खड़ी करते हैं। मगर इस तरह गाड़ियों के शीशे तोडक़र नुकसान पहुंचाया जा रहा है। एक कार में तो पत्थर शीशा तोडऩे के बाद सीट पर पड़ा मिला है। इस रोड के आसपास सीसीटीवी कैमरे भी नहीं लगे हैं। इस कारण पुलिस को कोई फुटेज भी नहीं मिल पा रही है, जिससे आरोपियों तक पहुंचा जा सके।

#### पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग

स्थानीय लोगों का कहना है कि रात के समय यहां अक्सर अराजक तत्व घूमते रहते हैं। उन्होंने पुलिस से गश्त बढ़ाने की मांग की है। एक अन्य वाहन मालिक प्रवीण कुमार ने बताया कि ऐसी घटनाएं आए दिन हो रही है। 15 दिन पहले उनकी गाड़ी अनाज मंडी में खड़ी थी, वहां भी उसका शीशा तोड़ दिया गया। कुछ दिन पहले ही गली नंबर दो में भी तीन-चार गाडिय़ों के शीश तोड़ दिए गए थे। गाडिय़ों के शीशे टूटने से वाहन मालिकों में रोष है।

## पूर्व राज्यपाल ने की कानूनी मंत्री से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से ओडिशा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल ने शिष्टाचार भेंट की। पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल पुत्र भाजपा नेता मनीष सिंगला ने गुरुवार को मीडिया को जारी प्रेस बयान में बताया कि देश की राजधानी में यह मुलाकात न केवल औपचारिक थी, बल्कि दोनों वरिष्ठ नेताओं के बीच पुरानी यादों और अनुभवों को ताजा करने का एक गर्मजोशी भरा अवसर भी बनी। मनीष सिंगला ने बताया कि यह बैठक व्यक्तिगत सौहार्द और सम्मान पर केंद्रित रही, जहां दोनों नेताओं ने अपने-अपने सार्वजनिक जीवन के अनुभवों और साझा किए गए पूर्व क्षणों को याद किया।



सिरसा। केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात करते पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशीलाल। फोटो: हरिभूमि

#### अनौपचारिक चर्चा की

मुलाकात के दौरान दोनों ने देश की वर्तमान राजनीतिक और सामाजिक स्थिति के विभिन्न पहलुओं पर भी अनौपचारिक चर्चा की। मनीष सिंगला ने कहा कि अर्जुन राम मेघवाल विधि एवं न्याय मंत्री के रूप में देश में कानूनी सुधारों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। दोनों नेताओं की यह मुलाकात उनके आपसी सम्मान और भारतीय राजनीति में स्थापित स्वस्थ परंपराओं को दर्शाती है, जहाँ व्यस्त आधिकारिक दायित्वों के बीच भी व्यक्तिगत और पुरानी स्मृतियों को तवज्जो दी जाती है।

## एक लाख से अधिक की ठगी

- गिरफ्तार युवक की पहचान रविन्द्र पुत्र जसबीर सिंह निवासी चिली हथीन, पलवल के रूप में हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

ऑनलाइन पेन-पेंसिल का कारोबार कर एक लाख से अधिक की ठगी करने के मामले में थाना साइबर फतेहाबाद पुलिस ने एक ओर युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक की पहचान रविन्द्र पुत्र जसबीर सिंह निवासी चिली हथीन, पलवल के रूप में हुई है। इससे पहले भी इसी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

#### आरोपी गिरफ्तार

थाना साइबर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक राहुल ने बताया कि शिकायतकर्ता कुलबिंद्र कुमार पुत्र रमेश कुमार निवासी खैरपुर रतिया, जिला फतेहाबाद ने साइबर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया कि जुलाई 2024 में उसके मोबाइल नंबर पर एक कॉल आई, जिसमें उसे हिन्दुस्थान पेंसिलस कंपनी का काम दिलाने का लालच दिया गया और कहा गया कि वह घर बैठे महीने के 30 हजार रुपये कमा सकता है। इसके नाम पर आरोपी ने पीड़ित से क्यू कोड स्कैन करवाकर अलग-अलग ट्रांजैक्शन में 1 लाख 513 रुपये हड़प लिए। शिकायत के आधार पर थाना साइबर फतेहाबाद में 3 जून को धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस जांच में यह पता चला कि यह एक संगठित गिरोह है, जो बेरोजगार और जरूरतमंद लोगों को निशाना बनाकर धोखाधड़ी करता है। प्रभारी ने बताया कि अब तक इस मामले में कुल चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।



साइबर ठगी मामले में गिरफ्तार युवक।

## रेल की मांगों को लेकर समिति ने डीआरएम को सौपा मांगपत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालांवाली

रेलवे संघर्ष समिति कालांवाली द्वारा बीकानेर मंडल के डीआरएम गौरव गोविल को कालांवाली रेलवे से सबंधित मांगों का एक मांग पत्र सौंपा गया। समिति के प्रधान नरेश महेश्वरी ने बताया कि उनकी प्रमुख मांगों में अहमदाबाद -कटरा वैष्णो देवी व गोरखधाम एक्सप्रेस का कालांवाली में ठहराव करने और बठिंडा से सुबह आठ बजे सिरसा के लिए नई ट्रेन चलाने की मांग रखी गई। उन्होंने कहा कि यहा डीआरएम का औपचारिक दौरा नहीं था इस लिए उनकी ट्रेन ने एक मिनट के लिए स्पेशल स्टॉपेज किया था कि इस दौरान समिति द्वारा उन्हें मांग पत्र सौंपा गया। इस दौरान उनके साथ उपप्रधान हीरा सिंह हरनेजा, महासचिव पूर्ण नगर मौजूद रहे।

#### ये मांगें

समिति के प्रधान नरेश माहेश्वरी ने बताया कि उक्त मांगों के अलावा समिति द्वारा करीब साढ़े आठ करोड रुपए की लागत से बनने वाले अमृत भारत स्टेशन योजना का कार्य व रेलवे प्लेटफार्म पर जल्दी कार्य शुरू करने की मांग रखी है। इसमें स्टेशन पर एक वेटिंग रूम, बड़ी पार्किंग, बड़ा कार्यालय, नए शैचालय, साइन बोर्ड आदि सुविधा मिलेगी और नया बड़ा प्याऊ भी बनाया जाएगा, इसका कार्य हमने जल्दी शुरू करने की मांग रखी है।

**त्योहार** जिलेभर में धूमधाम से मनाया गया दशहराव पर्व

## सिरसा में तीन स्थानों पर हुआ रावण के पुतलों का दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

जिलेभर में विजयदशमी का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सिरसा शहर में तीन स्थानों पर रावण के पुतलों का दहन किया गया। रावण दहन से पूर्व शहर में रामलीला कमेटियों की ओर से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रामा क्लब की ओर से हुडा ग्राऊंड में, विष्णु क्लब की ओर से चत्तरगढ़पट्टी मिनी बाईपास पर और सियाराम ट्रस्ट की ओर से रानियां रोड पर पुतला दहन किया जाएगा।

दशहरा पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से भी सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए थे। सावन स्कूल के सामने रामा क्लब की ओर से आयोजित दशहरा कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य सुभाष बराला मुख्यातिथि रूप में पहुंचे। जबकि चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के सामने मैदान में श्रीविष्णु क्लब की ओर से भव्य दशहरा उत्सव पूर्व विधायक गोपाल कांडा बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे।



सिरसा। धूं-धूं कर जलते रावण व मेघनाथ के पुतले। फोटो: हरिभूमि

#### अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती

दशहरा पर्व को लेकर सिरसा में दिनभर भारी गहमागहमी बनी हुई है। बड़ी संख्या में लोग खरीददारी के लिए शहर पहुंचें। वहीं दशहरा ग्राऊंड के आसपास भी दुकानें, खोमचे, रेहड़ी इत्यादि की स्टॉल के लिए स्थान निर्धारित किया जाने लगा। नगर परिषद की ओर से दशहरा ग्राऊंड एरिया को जाने वाले मार्गों की विशेष रूप से सफाई करवाई गई। वहीं, पुलिस प्रशासन की ओर से भी लॉ एंड आर्डर को बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस के जवान चौक-चौराहों पर यातायात व्यवस्था की बहाली में दिखाई दिए। सिरसा इस बार तीन रामलीला कमेटियों की ओर से पुतला दहन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस वजह से रामलीला कमेटियों की ओर से निकाली जाने वाली शोभायात्रा को लेकर लोगों में भारी उत्साह बना हुआ है। गांव-गांव से लोग खरीददारी करने के लिए शहर पहुंचें। आज मिठाईयों की दुकानों पर भारी भीड़ जुटी। त्योहारी बिक्री को लेकन कई अस्थायी मिठाई की दुकानें भी सजीं हुई थी।

विशेष : वन्यजीव सप्ताह 2-8 अक्टूबर

# दुनिया के ये अनोखे चिड़ियाघर

बच्चो, जू यानी चिड़ियाघर ऐसी जगह होती है, जहां कई तरह के एनिमल्स और बर्ड्स को रखा जाता है। उनकी पूरी देखभाल की जाती है। लेकिन दुनिया में कुछ जू ऐसे भी हैं, जहां की विशेषताओं के बारे में जानकर तुम हैरान रह जाओगे। जानो, दुनिया के कुछ ऐसे ही अमेजिंग चिड़ियाघरों के बारे में।

जंतु-जगत

रजनी अरोड़ा







बच्चो, तुम्हारे शहर या आस-पास के किसी शहर में चिड़ियाघर यानी जू देखने तो तुम जरूर गए होगे। यहां तुम तरह-तरह के वन्य जीवों को देख सकते हो। यहां तुम उन जंतुओं को भी देख सकते हो, जिनके केवल चित्र या वीडियो तुमने अपनी किताबों में, इंटरनेट या टीवी पर ही देखे होंगे। चिड़ियाघर के कर्मचारियों की देख-रेख में रह रहे इन जानवरों को देखने, इनके बारे में जानने-समझने का अपना अलग रोमांच होता है। वैसे तो देश-दुनिया में हजारों चिड़ियाघर हैं। लेकिन आज हम तुम्हें कुछ ऐसे चिड़ियाघरों के बारे में बता रहे हैं, जो अपनी विशेषताओं के कारण बहुत अनोखे हैं।

## सिंगापुर चिड़ियाघर, सिंगापुर

यह दुनिया के बेहतरीन चिड़ियाघरों में एक माना जाता है। इस चिड़ियाघर को 11 पारिस्थितिक क्षेत्रों में विभाजित किया गया है, जिसमें प्रत्येक क्षेत्र से संबंधित प्रजातियों/जीव-जंतुओं के लिए उनके अनुकूल आवास बनाए गए हैं। इस जू में बच्चों के लिए कई विशेष कार्यक्रम भी तैयार किए गए हैं। जैसे- किड्स रेंजर टूर, जिसमें बच्चे चिड़ियाघर संचालक की भूमिका निभाते हैं। इस जू में एनिमल शो का भी आयोजन किया जाता है, जो यहां घूमने आए लोगों के लिए एक यादगार अनुभव होता है।

## लेहेलेदु वाइल्ड लाइफ जू , चीन



बच्चो, लगभग सभी चिड़ियाघरों में जानवरों और पक्षियों को पिंजरों में रखा जाता है। लेकिन जरा सोचो, वो चिड़ियाघर कैसा होगा, जहां जानवर तो खुले में घूमते हैं, लेकिन उन्हें देखने जाने वाले इंसानों को पिंजरे में बंद रखा जाता है। ऐसा ही एक चिड़ियाघर है, चीन के चोंगकिंग में स्थित लेहेलेदु वाइल्ड लाइफ जू। इस चिड़ियाघर में पशु-पक्षी अपने प्राकृतिक आवास में खुलेआम घूमते हैं। जबकि यहां आने वाले पर्यटक सुरक्षित पिंजरेनुमा गाड़ी में बंद होकर यहां घूमते हुए जानवरों और अन्य पशु-पक्षियों को बेहद करीब से देख सकते हैं, उन्हें खिला सकते हैं। चीते, शेर जैसे खतरनाक जानवर तो कई बार पर्यटकों से भरे पिंजरेनुमा गाड़ी पर चढ़ भी जाते हैं। सोचो, ये सब कितना रोमांचक होता होगा न!

## ग्रेटर वैंकूवर जू, कनाडा

ब्रिटिश कोलंबिया क्षेत्र में बना यह चिड़ियाघर वैंकूवर गेम फार्म के रूप में शुरू हुआ था। तब यहां मुख्यतया हिरण जैसे छोटे जानवर रखे जाते थे। बाद में जब यहां जानवरों का संरक्षण किया जाने लगा, तब इसका नाम बदल कर ग्रेटर वैंकूवर जू कर दिया गया। अब यहां रेस्क्यू किए गए या बेसहारा जानवर भी रखे जाते हैं। यहां उन जानवरों को पुनर्वास और सुरक्षित माहौल दिया जाता है। पर्यटक यहां जू के स्टाफ के साथ जा सकते हैं, उनसे जानवरों की देखभाल के तरीके जान सकते हैं। यहां जानवरों की 150 से ज्यादा प्रजातियां हैं, जिनमें अमेरिका के सफेद शेर, चीते, तेंदुए, सहारा के रेगिस्तानी दुर्लभ एडैक्स हिरण, अमेरिकी एल्क हिरण, सफेद पेलिकन, अमेरिका का राष्ट्रीय पक्षी बॉल्ड ईगल, बाइसन, ओरेगॉन, पेंटेड टर्टल पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करते हैं। पर्यटक चिड़ियाघर में ओपन ट्रेन सफारी राइड का मजा भी उठा सकते हैं, जिसमें बैठकर पूरे चिड़ियाघर के जानवरों को पर्यटक आसानी से देख सकते हैं।





वैंकूवर जू में 'जुरासिक पार्क' मूवी की थीम से मिलता-जुलता डायनासोर वर्ल्ड भी है। इनमें डायनासोर के कई बड़े-बड़े एनिमाट्रॉनिक वर्किंग मॉडल बनाए गए हैं, जो धीरे-धीरे हिलते हैं और डरावनी आवाज भी निकालते हैं। उनके आगे लगे बोर्ड से आने वाले पर्यटक उनके बारे में जानकारी भी ले सकते हैं।

## हेनरी डोरली जू, अमेरिका

अमेरिका के नेब्रास्का में स्थित यह चिड़ियाघर, दुर्लभ और संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण के लिए मशहूर है। यहां जानवरों की एक हजार प्रजातियों के 20 हजार से अधिक जानवर रहते हैं। इस चिड़ियाघर में बड़े-बड़े इनडोर डोम (कांच के गुंबद) बनाए गए हैं, जिनमें इनडोर रेनफॉरेस्ट और दलदल (अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और एशिया के उष्णकटिबंधीय जंगलों के जानवर और पौधे की तर्ज पर), दुनिया का सबसे बड़ा इनडोर रेगिस्तान (अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिकी दक्षिण-पश्चिम के रेगिस्तान की तरह) को कृत्रिम रूप से बनाया गया है। यहां इन वातावरण में मिलने वाले जानवरों को भी रखा गया है।

इस चिड़ियाघर में दुनिया की सबसे बड़ी किंगडम ऑफ नाइट या रात्रिचर जानवरों को नॉक्टर्नल (रात्रिकालीन) माहौल में रखा जाता है। यानी कृत्रिम रूप से रात जैसा माहौल और तापमान बनाया जाता है, ताकि रात में सक्रिय होने वाले जीव-जंतुओं को दिन के समय भी सक्रिय देखा जा सके। इसके अलावा हेनरी डोरली चिड़ियाघर में उत्तर अमेरिका का सबसे बड़ा कैट कॉम्प्लेक्स भी है, जहां हिम तेंदुआ, अमूर बाघ, लाल पांडा जैसे हिमालय और एशिया की प्रजातियां देखने को मिलती हैं। साथ ही यहां अफ्रीकी घास के मैदान में पाए जाने वाले जिराफ, हाथी, जेब्रा, शेर, हब्बर्ड गोरिल्ला वैली आदि देखे जा सकते हैं।

यहां सुजैन एंड वॉल्टर स्कॉट अंडरवॉटर टनल-एक्वेरियम में शार्क, रे, समुद्री कछुए, ट्रॉपिकल मछलियां जैसे विशाल महासागरीय जंतु भी देखे जा सकते हैं। कुल मिलाकर, हेनरी डोरली चिड़ियाघर पर्यटकों को जानवरों के साथ-साथ उनके पूरे ईकोसिस्टम को देखने, जानने-समझने का अवसर प्रदान करता है। *

## क्रोकोसॉरस कोव, ऑस्ट्रेलिया

रोमांच के शौकीन लोगों के लिए ऑस्ट्रेलिया के डार्विन में स्थित यह चिड़ियाघर बेस्ट है। यह चिड़ियाघर मूलतः मगरमच्छों के लिए बना है। इनके साथ ही यहां कई तरह के जलीय, स्थलीय ऑस्ट्रेलियन सरीसृपों जैसे-



सर्प, छिपकली, कछुए का दुनिया का सबसे बड़ा संग्रह भी है। पर्यटक इन्हें बेहद करीब से देख सकते हैं। पर्यटक यहां केज ऑफ डेथ नामक कांच के पारदर्शी पिंजरे में बैठकर 16 फीट गहरे पानी में विशाल मगरमच्छों को बिल्कुल करीब से देखने का रोमांचक अनुभव ले सकते हैं। मगरमच्छों को खिलाने का शो दिन में दो बार होता है। यहां मगरमच्छ के छोटे बच्चों को हाथ में पकड़ने-उठाने और उसके साथ फोटो खिंचवाने का भी मौका मिलता है।



कविता / सिराज अहमद

## आए-बाए-साए



जंगल है
जंगल में मंगल
उसमें भालू
दौड़े हल-बल
खुश हो कूदे
बंदर गल-गल
उड़-उड़ कौआ
गाना गाए
आए-बाए-साए।
बत्तख चलती
डगमग-डगमग
घोड़ा दौड़ा
टकबक-टकबक
तोता करता
बक-बक, बक-बक
बैठा उल्लू
आंख घुमाए
आए-बाए-साए।
इतने में
बादल आ धमके
आपस में
लड़-लड़कर बमके
जंगल में
बरसे फिर जम के
गिरकर बूंदें
शोर मचाए
आए-बाए-साए।

## बूझो तो जानें



1 दूध से उपजता मैं,
रंग मेरा होता सफेद।
प्रतिरोधकता खूब बढ़ाता,
जल्दी बताओ मेरा भेद।



2 गोल आकार है मेरा,
पेट में बीजों का बसेरा।
पाचन को करता दुरुस्त,
जो चख ले स्वाद मेरा।

3 रंग मेरा है बैंगनी,
डायबिटीज करता कंट्रोल।
पेट में मेरे रहती गुठली,
आकार है मेरा गोल।

- अलका जैन 'आराधना'

उत्तर : 1.पनीर, 2.अमरूद, 3.जामुन



## जीके क्विज-173

1. पिछले दिनों अपने देश में चलती हुई ट्रेन से किस मिसाइल की लॉन्चिंग की गई?
2. हाल ही में किसे सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला है?
3. चीन का शोक किस नदी को कहा जाता है?
4. ताज महल किस नदी के तट पर स्थित है?
5. अंतरिक्ष यात्रियों को आकाश का रंग कैसा दिखाई देता है?
6. पीसा की झुकी मीनार कहां स्थित है?
7. कागज का आविष्कार सबसे पहले किस देश में हुआ?
8. गौतम बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति किस स्थान पर हुई थी?
9. हमारे शरीर का कौन-सा अंग हमारे रक्त को शुद्ध करता है?
10. सेब में कौन-सा अम्ल पाया जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-173 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-172 का उत्तर :** 1.मोहनलाल, 2.कार्लोस अल्काराज, 3. 2 अक्टूबर, 4.गोपाल कृष्ण गोखले, 5.रविंद्रनाथ टैगोर, 6.चंपारण आंदोलन, 7.भारत छोड़ो आंदोलन, 8.1942, 9.महात्मा गांधी, 10.लाल बहादुर शास्त्री

**जीके क्विज-172 का सही उत्तर देने वाले :** आद्या-उमरिया, रमेश-बैकुंठपुर, कबीर-हिसार, अंकित-रायगढ़, विवेक-ईमेल से, सपना-बिलासपुर, मनीष-रोहतक, सुमन-बलौदा बाजार, राकेश-रायपुर, पलाश-मटियारी, अमन-बालोद

कहानी

इंदिरा त्रिवेदी

ऋषभ को दोस्तों के साथ सेल्फी और रील बनाने में बड़ा मजा आता था। इस चक्कर में वह खतरे भी मोल ले लेता था। एक बार ऋषभ अपने दोस्तों के साथ एक हिल स्टेशन पर गया। वहां सेल्फी में सनसेट का व्यू लेने में चक्कर में ऋषभ का पैर स्लिप हो गया, इसके बाद जो हुआ, उसके लिए बहुत बड़ा सबक था।

# लाइक, कमेंट का चक्कर



आजकल मम्मी, ऋषभ की सेल्फी लेने और रील बनाने की बढ़ती आदत से बहुत परेशान हैं। वह जब देखो, जहां देखो वहां, सेल्फी लेने लगता है या फिर ऊटपटांग रील बनाता है। मम्मी-पापा ने उसे कितनी बार समझाया, 'ऋषभ पढ़ाई पर ध्यान दो, भविष्य में पढ़ाई ही काम आएगी।' लेकिन उसके कानों पर जूं नहीं रेंगती।

कोरोना के पहले की स्थिति बिल्कुल अलग थी। वह पूरा ध्यान पढ़ाई में लगाता था, लेकिन जब कोराना के समय पढ़ाई मोबाइल के जरिए होने लगी तो उसका स्क्रीन टाइम बढ़ गया, आगे और ज्यादा बढ़ता ही चला गया। मोबाइल की तो जैसे उसकी लत ही लग गई। फिर उसका दोस्त सूरज, उसे सोशल मीडिया के न जाने कौन-कौन से प्लेटफॉर्म पर रील बनाकर अपलोड करने की सलाह देता रहता। ऋषभ को जैसे इसका चस्का ही लग गया।

सेल्फी लेते समय बच्चों द्वारा की गई लापरवाही से होने वाली दुर्घटनाओं के बारे में आए दिन अखबारों में छपता रहता है। मम्मी-पापा अकसर उसे इन खबरों के बारे में बताते और समझाते रहते हैं। वह 'हां-हां' कहता, लेकिन अगले दिन फिर वह सेल्फी लेने और रील बनाने में व्यस्त हो जाता।

अभी पंद्रह दिन पहले की ही बात है। सेल्फी लेने के चक्कर में दो दोस्त इतने मशगूल हो गए कि उन्हें पता ही नहीं चला कि कब वे सड़क के बीचों-बीच आ गए और दुर्घटना का शिकार हो गए। मम्मी कई बार सोचतीं कि ऋषभ को समझाऊं कैसे? लेकिन उन्हें कोई उपाय नहीं सूझता।

रविवार का दिन था। ऋषभ बड़ी जल्दी सोकर उठ गया। यह देख मम्मी ने उससे पूछा, 'क्या बात है, आज तो तुम बड़ी जल्दी उठ गए?'

'अरे कुछ नहीं, वो सूरज के साथ कहीं घूमने जाना है।' ऋषभ बोला।

'क्या सेल्फी लेने और रील बनाने की कोई जुगाड़ हो गई है?' मम्मी ने जानना चाहा।

'अरे नहीं मां, आज छुट्टी है, इसलिए ऐसे ही घूमने जा रहे हैं।' ऋषभ ने बात बनाई।

'अच्छा सुन, किसी खतरनाक जगह पर मत जाना और अपना खयाल रखना।' मम्मी यह हिदायत देकर अपने काम में लग गईं।

'मम्मी, चिंता मत करो।' कहकर ऋषभ अपने दोस्त सूरज के साथ चला गया।

शाम करीब सात बजे मम्मी के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से फोन आया। उन्होंने उसे नहीं उठाया, क्योंकि आजकल होने वाली फ्रॉड की घटनाओं को देखते हुए अनजान कॉल रिसीव नहीं करती थीं। दो-तीन बार जब फोन की घंटी बजी तो मम्मी डर गईं। ऋषभ की सेल्फी की आदत से वह वैसे ही डरी-डरी रहती थीं। रह-रह कर उनके मन में बुरे-बुरे खयाल आने लगे।

उधर वही हुआ, जिसका डर था। ऋषभ और सूरज दोनों अपने शहर से दूर एक हिल स्टेशन पर गए थे। आज चूंकि मौसम बहुत अच्छा था, सूरज के अलावा ऋषभ के चार दोस्त और उनके साथ हो लिए थे, तो सब बहुत मस्ती के मूड में थे। सारे दोस्त किराए की एक जीप में सवार होकर हिल स्टेशन पहुंचे थे। सड़क पर कई जगहों पर रुक-रुक कर उन सभी ने सेल्फी ली और ढेर सारी रील्स भी बनाईं। उन सबको बहुत मजा आ रहा था, लेकिन सेल्फी में सनसेट का व्यू लेने के चक्कर में ऋषभ का पैर स्लिप हो गया। वह 80 फीट की ऊंचाई से नीचे गिरने ही वाला था कि उसके साथियों ने उसे कसकर पकड़ लिया। ऋषभ को तो एक पल को लगा कि आज उसकी जान ही चली जाएगी। उसे मम्मी-पापा की हिदायतें रह-रह कर याद आने लगीं। वह यही सोचने लगा कि अगर उसे कुछ हो जाता तो बुढ़ापे में मम्मी-पापा का सहारा कौन बनता? उसकी छोटी बहन, जो उसे हर साल राखी बांधती है, वह उसकी रक्षा का वचन देता है, वो किसको राखी बांधती, कौन उसे रक्षा का वचन देता? उसके दादा-दादी की देखभाल कौन करता? ये सारी बातें उसके मन में आईं। ऋषभ ने फैसला किया कि अब वह सेल्फी लेने का अपना मोह छोड़ देगा। महज लाइक्स और कमेंट के लालच में अपनी जान दांव पर नहीं लगाएगा।

ऋषभ जब घर पहुंचा तो बहुत उदास था। मम्मी ने पूछा, 'बेटा क्या हुआ, इतने उदास क्यों हो?'

ऋषभ ने मम्मी को आज का सारा वाकया कह सुनाया। तब मम्मी को भी ध्यान आया कि उसके मोबाइल पर भी एक अंजान कॉल आई थी। मम्मी ने पूछा तो उसने अपने दोस्तों के बारे में बताया और यह भी बताया कि उस घटना के दौरान ही सूचना देने के लिए ऋषभ के दोस्त ने उन्हें कॉल किया था। ऋषभ ने कहा, 'मम्मी, मैं समझ गया कि मैंने आज जो किया, वह बहुत गलत है। मुझे ऐसा नहीं करना चाहिए।'

'चलो, देर आए दुरुस्त आए।' मम्मी ने उसके सिर पर हाथ फेरा। ऋषभ की बातों से उन्होंने राहत की सांस ली। *

कविता

डॉ. राकेश 'चक्र'



## और बताओ मुझको नानी

सोचो नानी मुझे बताओ,
कैसे फूल डाल पर महकें।
भिन्न स्वाद के फल हम खाते,
खा पक्षी पेड़ों पर चहकें।।
और बताओ मुझको नानी,
बुलबुल क्यों गाती है गाना!
कभी हवा संयत हो जाए,
कभी बदल लेती है बाना!
मुझको नानी यह समझाओ,
तोते क्यों हरियल होते हैं?
और मोर के पंख निराले,
इतने रंगों के होते हैं!
प्यारी नानी, मुझे बताओ,
दिनकर क्यों है आग उगलता?
चंदा-मामा के मुखड़े पर,
खड्डे जैसा दाग झलकता!
और बताओ मुझको नानी,
बादल कैसे जल बरसाते?
कैसे सागर से जल लाकर,
भू,जीवों की प्यास बुझाते!
और बताओ मुझको नानी,
क्यों सागर का जल खारा है?
ऋतुओं की अदली-बदली से,
घटता बढ़ता क्यों पारा है?
कर दुलार, नानी फिर बोली,
प्रभु की ही है यह सब माया।
ईश्वर ही सबका मालिक है,
जिसने यह संसार बनाया।।

## रंग भरो-186

**रंग भरो-186** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





जॉन, अंबिकापुर



आशना, जांजगीर



आन्या, दुर्ग



रेयांश, बिलासपुर



माही, महासमुंद



डॉली, मटियारी

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

डिंपल-दुर्ग, पलक-अटेली मंडी, भूमिश-बिलासपुर, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, हरीश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, कोमल-कोरबा

## रंग भरो 187





बच्चो, यहां बैलून से खेलती हुई लड़की और एक बर्ड का प्यारा-सा ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## खबर संक्षेप

### स्कूल में दशहरा उत्सव का आयोजन

**चोपटा।** खंड चोपटा के दयानंद सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज अध्यापक अभिभावक बैठक और दशहरे पर एक उत्सव का आयोजन किया गया। इस उत्सव में छोटे छोटे बच्चों द्वारा रामायण के विभिन्न प्रसंगों पर झांकियां प्रस्तुत की गई। जिसमें सीताहरण,राम वनवास गमन और अशोक वाटिका की झांकी की अभिभावकों द्वारा मुक्त कंठ से प्रशंसा की गई। इसी कड़ी में कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों ने कीजो केसरी के लाल भजन पर नृत्य प्रस्तुत कर सभी को थिरकने पर मजबूर किया। आज की बैठक में विद्यार्थियों का अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम भी जारी किया गया और हर कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया।

### श्री दुर्गा मंदिर के नए मुख्य द्वार की नींव रखी गई

**फतेहाबाद।** श्री दुर्गा मंदिर में भक्तों के सहयोग से नए मुख्य द्वार के पुनर्निर्माण की नींव रखी गई। सुबह 10 बजे हुए इस कार्यक्रम में मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों और अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मंदिर पुजारी महेंद्र शर्मा व अनूप शर्मा ने पूजन कराया। श्री दुर्गा मंदिर सभा के प्रधान राजकुमार गिल्होत्रा ने बताया कि जल्द ही नए द्वार का काम पूरा कर लिया जाएगा। मौके पर पूर्व विधायक स्वतंत्र बाला चौधरी, पूर्व प्रधान किट्टी बत्तरा, मंदिर उपप्रधान शशिभूषण, सचिव कुशल चराईपोत्रा, कैशियर विजय जग्गा, भीमसैन आनंद, डॉ. नीरज शर्मा, आरके नारंग सीए, ज्ञानचंद नांगरू, मोहन लाल, नरेश नारंग, शंकर नारंग, श्री दुर्गा युवा संघ प्रधान उमेश मौजूद रहे।

### इग्नू ने दाखिले की अंतिम तिथि 15 तक फिर बढ़ाई

**फतेहाबाद।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू ), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने जुलाई 2025 सत्र के लिए विभिन्न कार्यक्रमों में प्रवेश की अंतिम तिथि को बढ़ाकर अब 15 अक्टूबर कर दिया है। यह तिथि विस्तार उन सभी पाठ्यक्रमों पर लागू होगा जो सर्टिफिकेट प्रोग्राम्स को छोडक़र डिप्लोमा, पीजी डिप्लोमा, यूजी और पीजी कार्यक्रमों के अंतर्गत आते हैं। जिन विद्यार्थियों ने इग्नू के पोर्टल पर पहले से पंजीकरण कर लिया है, लेकिन अभी तक फीस का भुगतान नहीं किया है, वे शीघ्र ही अपनी फीस जमा कर अपने दाखिले को सुनिश्चित कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि जिन्होंने हाल ही में 12वीं पास की है उनके लिए इग्नू में अपार संभावनाए हैं।

### नेहा मित्तल ने वार्षिक मेले का दिया न्योता

**फतेहाबाद।** अग्रोहा विकास ट्रस्ट की जिला प्रधान एवं राष्ट्रीय सामाजिक विकास समिति की राष्ट्रीय महासचिव नेहा मित्तल ने अग्रोहा धाम में 7 अक्टूबर को आयोजित होने वाले वार्षिक मेला को लेकर अनाजमंडी स्थित अपने प्रतिष्ठान पर बैठक ली। नेहा मित्तल ने बताया कि इस विशाल मेले में अग्रोहा धाम के सरंक्षक व जी टीवी के चेयरमैन सुभाष चन्द्रा, निकाय मंत्री विपुल गोयल, पंजाब सरकार के केबिनेट मंत्री विरेन्द्र गोयल, हिसार की विधायक सावित्री जिंदल मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित होंगे जबकि राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तम अग्रवाल, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बजरंग गर्ग व राष्ट्रीय महासचिव गजानंद गुप्ता विशिष्ट अतिथि होंगे।

## कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक बलवान ने रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतलों को अग्नि दी

# फतेहाबाद में धूं- धूं कर जल गया दशानन का अहंकार

### सेक्टर 10 के ग्राऊंड में रावण दहन का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरे का त्योहार फतेहाबाद में सर्व समाज हित प्रिय त्योहार कमेटी द्वारा धूमधाम से मनाया गया। फतेहाबाद में हिसार रोड पर हुडा सेक्टर 10 में नए सिटी थाने के साथ स्थित ग्राऊंड में रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने रावण, मेघनाथ और कुंभकर्ण के पुतलों को अग्नि दी। इससे पूर्व शहर भर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

मेन बाजार स्थित श्रीकृष्णा सेवा समिति से यह शोभा यात्रा रवाना हुई। शोभा यात्रा शहर के विभिन्न बाजारों से होते हुए दशहरा ग्राऊंड में पहुंची। त्यौहार कमेटी के संरक्षक एवं प्रोजेक्ट चेयरमेन पंडित चरणजीत शर्मा, संरक्षक टेकचंद मिढ़ा व स. हरचरण सिंह, प्रधान ओमप्रकाश सरदाना, महासचिव हरीश शर्मा, कोषाध्यक्ष महेन्द्र मदान, सह कोषाध्यक्ष मोहन लाल असीजा, वरिष्ठ उपप्रधान अनिल सरदाना व उपप्रधान सुरेश शर्मा ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। इस शोभायात्रा में भगवान राम-लक्ष्मण, रावण सहित अनेक देवी-देवताओं की भव्य झांकिया निकाली गई।

इस शोभायात्रा के आगे श्रद्धालु नाचते-गाते व आतिशबाजियां करते हुए जा रहे थे। शोभायात्रा शहर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए नए सिटी थाने के पास दशहरा ग्राऊंड में पहुंची। यहां पर वानर सेना व रावण की सेना के बीच युद्ध हुआ और अंत में भगवान राम ने रावण का संहार कर दिया। इसके बाद आकाश में भव्य आतिशबाजी की गई। अंत में शाम को सूर्यास्त के साथ ही विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने रावण, मेघनाथ, कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया। अतिथियों को कमेटी के सदस्यों मोहन लाल असीजा, महेन्द्र मदान, देवेन्द्र सरदाना, अनिल सरदाना, सुरेश शर्मा आदि ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद फतेहाबाद के संरक्षक एवं विप्र सेना के अध्यक्ष विज्ञान प्रेमानंद, बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविंद शर्मा, भवानी सिंह, नेहा मित्तल, सुरेन्द्र मित्तल, व्यापार मंडल अनाज मंडी के प्रधान जगदीश भादू, उपप्रधान रामनिवास शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।





**भूना।** धूं-धू कर जलता रावण का पुतला तथा फतेहाबाद के दशहरा ग्राउंड में जलते पुतले। फोटो : हरिभूमि

### रतिया में 65 फुट के रावण का दहन

*रतिया। शहर में दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। दशहरा ग्राऊंड में रावण के 65 फुट ऊंचे पुतले का दहन किया गया। इससे पूर्व शक्ति नाटक द्वारा दशहरा पर्व को लेकर शहर भर में भगवान श्री राम और रावण की सेना की झांकिया भी निकाली गई। रामलीला ग्राउंड से पंजाबी सभा के अध्यक्ष सतीश हांडा, ग्रामीण पंजाबी सभा प्रभारी व ब्लॉक समिति रतिया के चेयरमैन केवल मेहता, अग्रवाल सभा प्रधान प्रमोद बांसल ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सभा के मुख्य संयोजक विज्ञान सागर बाघला, हरबंस खन्ना, महासचिव कृष्ण तनेजा, सुरेश मेहता, रविंदर मेहता, हरमेश शर्मा, शक्ति नाटक क्लब के अध्यक्ष बॉबी मिढा, प्रधान राजेश सेतिया, कोषाध्यक्ष अंशुल बत्रा, सचिन ललित, रमेश जताना, अनिल रूखाया, शंटी कक्कड़, केतन मेहता सहित अन्य क्लब सदस्य मौजूद थे। यह झांकी शहर भर में घूम कर शाम को दशहरा ग्राउंड में पहुंची जहां रावण के 65 फुट के पुतले का दहन किया गया। दशहरा पर्व पर मुख्य अतिथि के तहत शहर के प्रमुख समाजसेवी अशोक मदान,अपार इंसा के साथ शहर की अनेक सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।*

### भूना में दो स्थानों पर हुआ रावण दहन

*भूना। दशहरे के पावन पर्व पर गुरुवार को भूना शहर में दो अलग-अलग स्थानों पर रावण दहन कार्यक्रमों का भव्य आयोजन हुआ। बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक इस पर्व को लेकर शहरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। रंग-बिरंगी रोशनी, आधुनिक तकनीक और ग्रीन पटाखों के संयोजन ने इस बार के आयोजन को और भी खास बना दिया। पहला आयोजन राजकीय महाविद्यालय के खेल मैदान में रामा कृष्णा कला मंच द्वारा किया गया। रामलीला ग्राउंड से फूलों से सजे हुए रथों में श्री राम के साथ अयोध्या रुपी टीम उत्सव मनाते हुए शहर में सडकों से खेल मैदान में पहुंचे, जबकि श्रीलंका के रावण की टीम उत्पात मचाते हुए पुतले के पास पहुंची। करीब 55 फीट ऊंचे रावण के पुतले का रिमोट कंट्रोल के माध्यम से दहन किया गया। जैसे ही रिमोट का बटन दबाया गया, रावण का पुतला धू-धू कर जलने लगा और आधुनिक पटाखों की रंग-बिरंगी रोशनी से आसमान जगमगा उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक दुडाराम मौजूद रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर नगर पालिका वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कला मंच के प्रधान हरविंद मेहता ने की। इस अवसर डायरेक्टर सुनील खुराना, सुरेंद्र हंस, संजय मेहता, राजेश चराया, हैप्पी खुराना, अरुण चोपड़ा, मनोज परवाना, सुमित परवाना, मिल्क राज कंबोज, श्यामलाल कंबोज, मुंशी कंबोज, नरेंद्र कंबोज, गुलशन हंस, राजेंद्र खट्टर, महेश मक्कड़, संजय गिरधर, तरसेम शर्मा सहित बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।*

***दूसरा आयोजन** लॉर्ड कृष्णा सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खेल मैदान में जय श्रीराम कला मंच ट्रस्ट भूना द्वारा किया गया। यहां 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन समाजसेवी कामरेड भूपेंद्र सिंह और नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि पंकज पसरीजा ने किया। कार्यक्रम में रणजीत सिंह, कश्मीरी लाल, सुरेश कंबोज, राजेंद्र शर्मा सहित अनेक लोग मौजूद रहे। दोनों ही आयोजनों में पर्यावरण के प्रति सजगता दिखाते हुए ग्रीन पटाखों का इस्तेमाल किया गया, जिससे प्रदूषण नहीं हुआ और लोगों को एक नया अनुभव मिला। आयोजकों ने सुरक्षा, ट्रैफिक और अन्य व्यवस्थाओं के लिए प्रशासन के साथ तालमेल कर पूरी तैयारी की।रावण दहन देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और जय श्रीराम के नारों से वातावरण गूंज उठा।*

### फतेहाबाद के कारीगरों ने बनाए अनेक पुतले

सर्वहित प्रिय त्यौहार कमेटी ने हर बार की तरह इस बार भी फतेहाबाद के ही अशोक नगर के कारीगरों से पुतले तैयार करवाए हैं। पुतले बनाने वाले कारीगरों ने बताया कि 20 से ज्यादा दिनों की मेहनत से पुतले तैयार हुए हैं। उन्होंने बताया कि फतेहाबाद ही नहीं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी यहीं से पुतले बन कर गए हैं। रतिया के लिए 65 फुट के रावण का पुतले बनाया गया है। इसके अलावा रतिया के ही गांव लाली के ग्रामीणों ने 50 फुट के रावण, पंजाब के बोहा के लिए 65 फुट, भूना के लोगों ने 50 फुट व भिरडाना के ग्रामीणों ने 40 फुट का पुतला बनवाया है।

# राष्ट्रपिता को किया नमन, पेंशन लाभार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र, रक्तदान शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

उपायुक्त डॉ. विवेक भारती के निर्देशानुसार रेडक्रॉस कार्यालय में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर नमन करते हुए वीरवार को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सामाजिक न्याय अधिकारिता सेवा विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में सैंकड़ों रक्तदाताओं ने मानव सेवा को सर्वोपरि मानते हुए स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढ़िलौड़ ने अपने संबोधन में कहा कि रक्तदान महादान है और इससे जरूरतमंदों को नया जीवन मिलता है। रक्तदान एक ऐसा पुण्य कार्य है, जिससे असंख्य लोगों की जिंदगियाँ बचाई जा सकती हैं। उन्होंने युवाओं को नियमित रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि समाज के हर वर्ग को ऐसे पुण्य कार्यों में बढ़-चढक़र भाग लेना चाहिए। जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान ढ़िलौड़ ने कहा कि राज्य सरकार समाज के कमजोर वर्गों, जरूरतमंदों एवं वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने लाभार्थियों को विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि इन योजनाओं से समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहा है।



**फतेहाबाद।** पेंशन लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित करते अधिकारी।

### रेड क्रॉस सचिव ने प्रोत्साहित किया

इस अवसर पर रेड क्रॉस सचिव रामजीलाल ने रक्तदाताओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि रक्तदान करना सबसे बड़ी सेवा है। उन्होंने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाना और उन्हें सम्मानजनक जीवन प्रदान करना है। कार्यक्रम में सभी को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न पेंशन सम्मान भत्ता योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। इस अवसर पर डॉ. गरिश डोडा, परमजीत कौर, सुरेंद्र कुमार उप अधीक्षक, दलबीर सिंह, सुनील कुमार भाटिया, रामप्रताप, रघुनन्दन, संदीप, प्रीती, मुकेश कुमार, सहायक रेखा उपस्थित रहे।

# विजयादशमी पर एकता नगर ओढ़ा में हवन यज्ञ और भंडारा लगाया

### हवन यज्ञ के बाद कन्या पूजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

विजयदशमी पर ओढ़ा में स्थित एकता नगर में गांव की खुशहाली व अमन शांति हेतु हवन यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें एकता नगर निवासियों ने बढ़ चढक़र तन, मन, धन व सेवा भाव से सहयोग किया। इस अवसर पर हवन यज्ञ के बाद कन्या पूजन व भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ो भक्तों ने भोजन ग्रहण किया। एकता नगर समिति के प्रधान लीलू राम ने कहा कि विजयलक्ष्मी बुराई और असत्य पर अच्छाई और विजय का प्रतीक है। मेरी कामना है कि इस पावन पर्व पर सभी को साहस, बुद्धि और भक्ति के मार्ग पर निरन्तर अग्रसर रहने की प्रेरणा मिले। उन्होंने सभी नगर वासियों को प्रेम, प्यार व मिलजुल कर रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर सुखपाल सिंह नंबरदार, प्रधान लीलू राम बेरवाल, कमेटी सदस्य छोटू राम, सत्यनारायण गर्ग, कुलवंत सिंह, सुखराज सिंह, राजेंद्र कुमार, रमेश कुमार साहू, गुरप्रीत सिंह, मुख्तयार सिंह तगड, जसवीर सोनी, डॉक्टर धर्मपाल, दारा सिंह, दिनेश नागर, विनोद, नरेश, महेश रामनिवास, सोनू, ओम प्रकाश सहित कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



**ओढ़ां।** भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

### धान की समय पर खरीद और उठान सुनिश्चित करे सरकार: सैलजा

**सिरसा।** सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने प्रदेश की मंडियों में पड़े लाखों टन धान के उठान में देरी और मौसम विभाग की ओर से आगामी दिनों में वर्षा की संभावना को देखते हुए गहरी चिंता व्यक्त की है। इस समय मंडियों में लगभग चार लाख टन धान खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है, जिस पर बारिश का सीधा असर पड़ सकता है। किसानों की मेहनत और लागत तो छोड़िए जमीन का खर्चा भी कर्जा बनकर किसानों को सता रहा है। कुमारी सैलजा ने गुरुवार को मीडिया को जारी एक प्रेस बयान में कहा है कि प्रदेश की मंडियों में अब तक लगभग 5.30 लाख मीट्रिक टन धान पहुँचा है, जिसमें से केवल 3.77 लाख मीट्रिक टन की ही खरीद हुई है। चिंताजनक बात यह है कि खरीदे गए धान का भी केवल 89 हजार मीट्रिक टन ही मंडियों से उठान हो पाया है। इस समय मंडियों में लगभग चार लाख टन धान खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है, जिस पर बारिश का सीधा असर पड़ सकता है।



इतना ही नहीं धान में अधिक नमी बताकर किसानों को परेशान किया जा रहा है मजबूरी में किसान ओने पोने दाम में प्राइवेट एजेंसियों को धान बेचकर जा रहे हैं। सांसद ने कहा कि किसानों की मेहनत से उपजा हुआ धान मंडियों में खुले में खराब होने का खतरा झेल रहा है। अगर समय पर उठान व भंडारण की व्यवस्था नहीं की गई तो बारिश और ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि यह स्थिति प्रदेश सरकार की लापरवाही और अव्यवस्था को उजागर करती है। सांसद कुमारी सैलजा ने सरकार से मांग की है कि मंडियों से खरीदे गए धान का तुरंत उठान सुनिश्चित किया जाए, मंडियों में पड़े धान को बारिश से बचाने के लिए तिरपाल व सुरक्षित भंडारण की व्यवस्था की जाए, किसानों को भुगतान समय पर दिया जाए और प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए । सांसद सैलजा ने कहा है कि सरकार की ओर से दावा किया जा रहा है कि धान का एक-एक दाना खरीदा जाएगा पर यह दावा भी हवा हवाई हो गया।



### श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत वर्ष के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय सेमिनार चार से

**सिरसा।** श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहादत वर्ष के उपलक्ष्य में 4-5 अक्तूबर को राजकीय नैशनल महाविद्यालय सिरसा में आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार व कवि दरबार की तैयारियों का जायज लेने हेतु एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता पंजाबी लेखक सभा, सिरसा के अध्यक्ष परमानंद शास्त्री व राजकीय नैशनल महाविद्यालय, सिरसा के पंजाबी विभागाध्यक्ष एवं पंजाबी साहित्य अकादमी, लुधियाना के उपाध्यक्ष डॉ. हरविंदर सिंह सिरसा ने की। श्री गुरु तेग बहादुर जी शब्द एवं शहादत विषय पर आयोजित इस दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार व कवि दरबार का आयोजन पंजाबी साहित्य अकादमी, लुधियाना के तत्वावधान में पंजाबी लेखक सभा, सिरसा व पंजाबी विभाग, राजकीय नैशनल महाविद्यालय के सहयोग से राजकीय नैशनल महाविद्यालय, सिरसा के मल्टीपर्पज हॉल में किया जा रहा है। 4 अक्तूबर को प्रातः 10 बजे शुरू होने वाले इस सेमिनार के छः सत्र होंगे जिनमें से एक सत्र में कवि दरबार का आयोजन होगा और एक सत्र में विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के शोधार्थी अपने शोध-पत्र प्रस्तुत करेंगे जबकि अन्य सत्रों में पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा व अन्य क्षेत्रों से विद्वान गुरु तेग बहादुर जी शब्द एवं शहादत बिषय व इससे संबंधित उप-विषयों के बारे अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। इस अवसर पर प्रमुख पंजाबी प्रकाशकों द्वारा साहित्य पर आधारित पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

### मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सफाई कर्मचारियों के साथ किया धोखा : नरेश राणा

**फतेहाबाद।** नगरपालिका कर्मचारी संघ ब्लाक फतेहाबाद की बैठक आज इकाई प्रधान नरेश राणा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन सचिव ओमप्रकाश लोट ने किया। बैठक में कर्मचारियों की मांगों के अलावा 5 अक्टूबर को भगवान वाल्मीकि जयंती मनाने और 9 नवम्बर को कुरूक्षेत्र में सरकार के खिलाफ की जाने वाली महारैली की तैयारियों को लेकर विचार विमर्श किया गया। आज की मीटिंग में अमित गिल, वीरू रत्ती, पवन चिंडालिया, ओम प्रकाश झालानिया, धीरज, राजाराम आदि शामिल हुए। मीटिंग को सम्बोधित करते हुए वरिष्ठ उपप्रधान रमेश तुषामड़ और सर्व कर्मचारी संघ के पूर्व जिला प्रधान बेगराज ने कहा कि हरियाणा का सफाई कर्मचारी अब शोषण और उत्पीडन को सहन नहीं करेगा। शहरी व ग्रामीण सफाई कर्मचारी एकजुट होकर सरकार के खिलाफ आंदोलन करेंगे। नरेश राणा व विजय ढाका ने कहा कि हरियाणा सरकार सफाई कर्मचारियों को जमकर शोषण कर रही है और ठेकाप्रथा लागू करके ठेकेदारों की सेवा कर रही है।




**फतेहाबाद।** बैठक में भाग लेते नगरपालिका कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।



**फतेहाबाद।** एमएम कॉलेज में कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्राचार्य।

### एमएम कॉलेज में टेलेंट सर्च प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने जमकर मचाई धूम

**फतेहाबाद।** यूथ फेस्टीवल को लेकर मनोहर मैमोरियल कॉलेज में तैयारियां शुरू हो गई है। कॉलेज में म्यूजिक विभाग द्वारा टेलेंट हंट प्रतियोगिता वहीं संस्कृत विभाग द्वारा 'संस्कृत भाषा के भाषा वैज्ञानिक अध्ययन' विषय पर सेमिनार का भी आयोजन किया गया। टेलेंट हंट प्रतियोगिता का संचालन म्यूजिक विभाग से डॉ. सीमा शर्मा, डॉ. अनिल शर्मा, नितिन सचदेवा, वंशज रहेजा, सावन कुमार ने तथा सेमिनार का संचालन संस्कृत विभाग से डॉ. रविना, हिन्दी विभाग से डॉ. अंजलि व भूपेन्द्र ने किया। सेमिनार में मुख्य वक्ता के तौर पर चौधरी देवीलाल विवि सिरसा से डॉ. राकेश कुमार ने भाग लिया वहीं अध्यक्षता एमएम कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने की। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी कोहली ने मुख्य वक्ता का स्वागत करते हुए सेमिनार के विषय पर प्रकाश डाला। दूसरी ओर संगीत विभाग द्वारा आयोजित टेलेंट सर्च प्रतियोगिताओं के दौरान विद्यार्थियों ने सिंगिंग और डांस में शानदार प्रस्तुति देकर वाहवाही लूटी। डॉ. सीमा शर्मा ने बताया कि सिंगिंग प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष से विनोद ने प्रथम, एमए प्रथम वर्ष से चेतन ने द्वितीय तथा बीए तृतीय वर्ष से नरेन्द्र व एमए प्रथम वर्ष से नमन ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया।



### कांग्रेसी विधायक मुख्य अथिति तो नहीं पहुंची दमकल

**फतेहाबाद।** दशहरा पर्व पर आज रावण के पुतला दहन के लिए दशहरा कमेटी नें कांग्रेस विधायक बलवान सिंह दौलत पुरिया को मुख्य अथिति बनाया था। दशहरा ग्राउंड मे धूल मिटी ना उड़े उसके लिए दशहरा कमेटी नें दमकल विभाग से छिड़काव के लिए गाड़ियां मांगी तो विभाग नें भेजने से ही साफ इंकार कर दिया। बताते है हमारे पूर्व विधायक दशहरा कमेटी के इस निर्णय से नाराज है। जिस कारण दमकल की गाड़िया नहीं पहुंची।राजनीती की अंदर तक जानकारी रखनें वाला का तो यह कहना है, पहले तोड़ फोड़ अब सामाजिक, धार्मिक कार्यक्रमो मे अड़चन डालनें से लगता है शहर से चुन चुन कर बदले लिए जा रहें है। बता दें लोग दबी जुबान से बंद की सफलता भी इसी से जोड़ रहें है।

## श्री रामा ड्रामाटिक क्लब की ओर से भव्य कार्यक्रम आयोजित

# दरियापुर में रामलीला मंच से दिया नशा मुक्त जीवन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की फतेहाबाद यूनिट ने गांव दरियापुर में श्री रामा ड्रामाटिक क्लब द्वारा आयोजित भव्य रामलीला मंचन के अवसर पर नशा-विरोधी जागरूकता अभियान का आयोजन किया। कार्यक्रम में ब्यूरो के अधिकारियों ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों को संबोधित करते हुए नशे से दूर रहने का संकल्प दिलाया। इस आयोजन में एनसीबी की फतेहाबाद यूनिट के ईन्चार्ज एसआई तरसेम सिहं बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने बताया कि आज अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक पर्व दशहरा भी मनाया जा रहा है। जब भगवान श्रीराम ने रावण जैसे असुर का अंत कर सत्य और न्याय की स्थापना की थी।



**फतेहाबाद।** दरियापुर रामलीला में एनसीबी अधिकारियों को सम्मानित करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

### गांधी व शास्त्री जयंती भी मनाई गई

आज ही के दिन देशभर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भी मनाई जाती है। गांधी जी का पूरा जीवन सत्य, अहिंसा और नशा-मुक्त समाज के आदर्श पर आधारित था। उनका मानना था कि किसी भी राष्ट्र की शक्ति उसके नागरिकों के संयम और नैतिक बल में निहित होती है। वहीं शास्त्री जी ने सादगी, ईमानदारी और जय जवान, जय किसान के नारे से देश को नई दिशा दी। इन महापुरुषों के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं। कार्यक्रम में एनसीबी के एएसआई महेश कुमार ने कहा कि कि नशा हिंसा, अपराध और सामाजिक बुराइयों की जड़ है, जबकि अहिंसा, संयम और नशा-मुक्त जीवन ही शांति और प्रगति का मार्ग प्रशस्त करता है। एनसीबी अधिकारियों ने गांववासियों से आह्वान किया कि वे अपने घर-परिवार और आने वाली पीढ़ियों को नशे से बचाने के लिए एकजुट हों। जिसके लिए लोगों से नशे के विरुद्ध सूचनाए देने का भी आग्रह भी किया गया।

## खबर संक्षेप

### निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आठ को

**रतिया।** श्री गुरु रामदास महाराज के प्रकाशोत्सव के अवसर पर शहर के पुराना बाजार स्थित गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु रामदास जी सेवा सोसायटी द्वारा 8 अक्टूबर को स्वास्थ्य जांच कैंप लगाया जाएगा। सोसाइटी सचिव हैप्पी सिंह सेठी ने बताया कि कैंप में माहिर डॉक्टरों लोगों के स्वास्थ्य की जांच करेंगे, वहीं संबंधित रोग की दवाईयां भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कैंप मौके लेबोरेट्री टेस्ट भी करवाएं जाएंगे जिसमें मुख्य रूप से कैल्शियम, एचबी, शुगर, कोलेस्ट्रॉल, यूरिक एसिड आदि टैस्ट निःशुल्क किए जाएंगे।

### विद्यार्थियों को नशे के प्रति किया जागरूक

**सिरसा।** जिला के गांव पनिहारी के मॉडल संस्कृति प्राईमरी सरकारी स्कूल में सामाजिक जागरूकता कैंप व हिन्दुस्तान स्काउट स्टेट ट्रेनर, हरियाणा नारकोटिक्स जागरूकता अभियान के एसएचओ विजेंद्र सिंह द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बलवंत शैली नेकहा कि समाज में प्राचीन समय से ही फैली अनेक सामाजिक बुराइयों को खत्म करने का समय आ गयाा है।

### नटार में आंगनबाड़ी केंद्र का शुभारंभ

**सिरसा।** गांव नटार में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा नवीनीकरण आंगनवाड़ी केंद्र का उद्घाटन वर्चुअली किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में बाबू राम सरपंच तथा बीजेपी के सक्रिय कार्यकर्ता तरसेम सामा ने कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज करवाई। कुरुक्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश में 64 नए और 500 नवीनीकृत आंगनवाड़ी केंद्रों का उद्घाटन किया गया तथा सबसे स्वच्छ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा सुपोषित आंगनवाड़ी केंद्र की कार्यकर्ताओं को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।

### सूरजकुंड दिवाली मेले में विद्यार्थियों को मिलेगी छूट

**फतेहाबाद।** हरियाणा पर्यटन विभाग द्वारा 2 से 7 अक्टूबर तक सूरजकुंड मेले के प्रांगण में आयोजित होने वाले द्वितीय सूरजकुंड दीवाली मेले के लिए दर्शकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन टिकट बुकिंग की व्यवस्था की गई है। विभाग ने विद्यार्थियों के लिए एक विशेष पहल की घोषणा की है, जिसके अंतर्गत टिकट बुकिंग पर उन्हें 50 प्रतिशत की छूट प्रदान की जाएगी।

### शास्त्री जयंती पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**सिरसा।** जिला के गांव भरोखां स्थित संगम स्कूल में भारत रत्न प्राप्त देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर बच्चों में उत्साह और देशभक्ति का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। विद्यालय के मुख्य अध्यापक श्री छगन सेठी ने कहा कि शास्त्री का दिया हुआ प्रसिद्ध नारा श्जय जवानए जय किसानश् आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना उनके समय में था। उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शास्त्री जी का जीवन सादगी व ईमानदारी और देशभक्ति का प्रतीक रहा है।

## राष्ट्रपिता की जयंती पर सिरसा के गांधी पार्क में सर्वधर्म सभा का आयोजन

# वर्तमान युग में बापू का संदेश और अधिक प्रासंगिक: जगदीश चोपड़ा

जीआरजी स्कूल के विद्यार्थियों ने सर्वधर्म पाठ किया और बापू के प्रिय भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी



सिरसा। गांधी पार्क में राष्ट्रपति महात्मा गांधी की जयंती पर आयोजित सर्वधर्म सभा में भाग लेते लोग। फोटो: हरिभूमि



सिरसा। गांधी जयंती पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते कांग्रेस नेता अमित सिहाग। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर गुरुवार को सिरसा की अनाज मंडी स्थित गांधी पार्क में सर्वधर्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जीआरजी स्कूल के विद्यार्थियों ने सर्वधर्म पाठ किया और बापू के प्रिय भजनों की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। उठ जाग मुसाफिर भोर भई, अब रैन कहां जो सोवत है, रघुपति राघव राजाराम, पतित पावन सीताराम, के साथ बापू के सर्वोच्च प्रिय वैष्णव जन ते तेने कहिए, जो पीर पराई जाने रे जैसे भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों ने बापू को स्मरण किया और जीवन भर अहिंसा के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में पहुंचे सीएम के पूर्व राजनीतिक सलाहकार जगदीश चोपड़ा व कार्यक्रम संयोजक प्रेम कंदोई ने कहा कि वर्तमान युग में बापू का संदेश अधिक प्रासंगिक है और यह सर्व समाज को प्रेरित करने वाला है। भजन कार्यक्रम के बाद सभी ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और लड्डू वितरित कर बापू के जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को भी उनके जन्मदिन पर स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर संदीप नेहरा, डा. वेद बैनीवाल, बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान रमेश मेहता व अन्य मौजूद रहे।

### अहिंसात्मक दिवस के रूप में मनाया

इसके अलावा जिला विधिक प्राधिकरण सिरसा द्वारा महात्मा गांधी जयंती को अहिंसात्मक दिवस के रूप में मनाया गया। इसी कड़ी में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पा के प्रांगण में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के प्रवक्ता नरेश कुमार ग्रोवर ने बच्चों को संबोधित करते हुए महापुरुषों के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री ने अपने जीवन से यह सिखाया कि सत्य, अहिंसा, त्याग और तपस्या जैसे मूल्यों को अपनाकर ही हम अपने समाज और राष्ट्र को नई दिशा दे सकते हैं। विद्यालय के प्रधानाचार्य शुभकरण शर्मा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जैसी विभूतियाँ हमारे लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उनके आदर्शों को अपनाकर ही हम सच्चे अर्थों में अच्छे नागरिक बन सकते हैं और राष्ट्र की सेवा कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे सदैव ईमानदारी, सादगी और अनुशासन का पालन करें।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को अर्पित किए श्रद्धा सुमन

**डबवाली।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर गुरुवार को सिरसा जिले के डबवाली शहर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डबवाली के पूर्व विधायक अमित सिहाग ने कहा कि महात्मा गांधी ने अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए सबसे पहले किसान हित में चंपारण आंदोलन और फिर नमक कानून के खिलाफ दांडी यात्रा, असहयोग आंदोलन तथा भारत छोड़ो आंदोलन चला अंग्रेजों को भारत से जाने के लिए विवश किया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी जी ने देश की आजादी के लिए वस्त्र त्याग करते हुए केवल धोती और चद्दर ओढ़ कर अंग्रेजों के खिलाफत आंदोलन किया और देश आजाद करवाया जो उनके आत्मविश्वास का सबसे बड़ा प्रतीक है। पूर्व विधायक ने कहा कि जिस प्रकार गांधी ने धोती और चद्दर ओढ़ कर अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी ठीक उसी प्रकार आज नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी मौजूदा सरकार की नीतियों के खिलाफ केवल एक टी शर्ट और पेंट पहन भारत जोड़ो यात्रा जैसे प्रकल्प चला सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि हम सबको राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलते हुए मौजूदा समय में उनकी सोच पर चल रहे राहुल गांधी के साथ एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए तथा सरकार की जनविरोधी नीतियों का विरोध करना चाहिए। स्व. शास्त्री को श्रद्धांजलि देते हुए पूर्व विधायक ने कि लाल बहादुर शास्त्री द्वारा जय जवान जय किसान का जो नारा दिया गया था वह आज भी प्रचलित है और लाल बहादुर शास्त्री द्वारा दिखाए गए मार्ग पर हम सब चलते हुए जवान और किसान को सलाम करते हैं।

### विद्यार्थियों ने निकाली जागरूता रैली



**सिरसा।** सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर एक भव्य रैली का आयोजन किया गया। रैली को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। द्यार्थियों ने हाथों में बैनर और तख्तियाँ लेकर महात्मा गांधी के विचारों और संदेशों को जन-जन तक पहुँचाने का प्रयास किया। अहिंसा ही सबसे बड़ा बल है, सादा जीवन उच्च विचार व सत्य और अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी अमर रहें जैसे नारे विद्यार्थियों द्वारा लगाए गए। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. रंजना ग्रोवर ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन दर्शन आज भी हमारे लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे बापू के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें और समाज में शांति, अहिंसा एवं सत्य का संदेश फैलाएँ। डॉ. मंजू देवी ने अपने संबोधन में कहा कि गांधी जी के विचार केवल भारत ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया के लिए प्रासंगिक हैं। आज की युवा पीढ़ी को उनके मार्ग पर चलकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना चाहिए। रैली के समापन पर छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से गांधी के जीवन और विचारधारा का प्रस्तुतिकरण भी किया।

### कांग्रेसियों ने मनाई गांधी जयंती, गांधीवादी पुराने कार्यकर्ता को किया सम्मानित



**फतेहाबाद।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरूवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जयंती एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती सम्मान के साथ मनाई गई। कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावांजलि दी। इससे पूर्व कांग्रेस हाई कमान के निर्देशानुसार गांव ढ़ाणी ठोबा में कांग्रेस के बहुत पुराने कार्यकर्ता एवं गांधीवादी विचारधारक धनपत सिंह को उनके घर जाकर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके विचारों को भी ग्रहण किया। कार्यक्रम में कांग्रेस विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अरविन्द शर्मा, डॉ. एमएस सदर, शम्मी रत्ती, कल्याण सिंह भादू, गोपाल चौधरी, पूनम चंद रत्ती, हंसराज, गोबिन्द चौधरी, कृष्ण बलौदा, बलविन्द्र सिंह चिम्मी, बीरबल नेहरा, बलबीर सिंह भादू, अरुण दुखी, गुरदयाल गोदारा, बलदेव सैनी, सतेन्द्र श्योराश, निरंजन शर्मा, जोगिन्द्र सिहाग, आलम खां, अनिल बैनीवाल, मेनपाल सूबेदार सहित भारी संख्या में कार्यकर्ताओं ने शिरकत की। विधायक बलवान सिंह दौलतपुरिया ने कहा कि मोहनदास गांधी ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के बल पर देश को आजादी दिलाकर राष्ट्रपिता की उपाधि प्राप्त की। आज पूरा देश उन्हें महात्मा गांधी के नाम से जानता है।

### मोचीवाली की मेजबान टीम ने जीती वॉलीबॉल प्रतियोगिता, लुधियाना की टीम रही द्वितीय



**भूना।** गांव मोचीवाली में आयोजित दूसरी न्यू मीडियम शूटिंग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में मेजबान हरियाणा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। हरियाणा की टीम ने ट्रॉफी के साथ 11 हजार का नकद पुरस्कार भी जीता। पंजाब के लुधियाना की टीम उपविजेता रही, जिसे 7100 नकद व ट्रॉफी दी गई। हरियाणा के घोटडू की टीम तीसरे व राजस्थान के रावतसर की टीम चौथे स्थान पर रही। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य रामनिवास झाझड़ा उर्फ मि_ मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने विजेता व उपविजेता टीमों को पुरस्कार वितरित किए। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि दीपक कुमार ने की, जबकि नगरपालिका भूना चेयरपर्सन प्रतिनिधि पंकज पसरीजा, समाजसेवी अरुण सेठी और पूर्व सरपंच सूरजमल मेचू विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। प्रतियोगिता का संचालन कमल सिंह व नरेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया। जिला पार्षद रामनिवास झाझड़ा ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल ही ऐसी बूटी है, जो युवाओं को बीमारियों से बचा सकती है। आज के समय में युवाओं को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए।

पुलिस की बड़ी कामयाबी

### चूरापोस्त व हेरोइन सहित तीन तस्कर गिरफ्तार, केस दर्ज

**डबवाली।** पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान गांव तिगड़ी क्षेत्र से बाइक सवार दो लोगों को पांच किलोग्राम चूरापोस्त सहित गिरफ्तार किया है। वीरवार को यह जानकारी देतेहुए एएनसी स्टाफ कालांवाली उपनिरीक्षक सूबे सिंह ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान गुरप्रीत सिंह व पप्पी सिंह के रूप में हुई है।

■ फतेहाबाद में फ्रॉड केस में गिरफ्तार तीनों युवक

उन्होंने बताया कि विश्वसनीय सूत्रों से प्राप्त गुप्त सूचना मिली कि गांव तिगड़ी के चूरापोस्त तस्करी करते हैं और आज भी नशा बेचने की फिराक में हैं। पुलिस ने सूचना के आधार पर गांव तिगड़ी से च_ा रोड पर नाकाबंदी कर निगरानी शुरू की तो कुछ देर बाद गांव तिगड़ी की तरफ मोटरसाइकिल सवार दो लोग आते दिखाई दिए। पुलिस ने बाइक को रूकने का इशारा किया, लेकिन बाइक चालक ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने शक के आधार पर उन्हें काबू कर लिया। तलाशी ली तो उनके कब्जे से पांच किलो ग्राम चूरापोस्त बरामद हुआ। आरोपियों के खिलाफ पुलिस थाना मादक पदार्थ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज कर कार्रवाई की गई ।

क्यूआर कोड फीडबैक सिस्टम

# पुलिस को 581 शिकायतकर्ताओं ने 5 स्टार तो 8 ने दी वन स्टार रेटिंग : सिद्धांत जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने और पुलिस व्यवस्था को जवाबदेह बनाने की दिशा में शुरू की गई क्यूआर कोड आधारित फीडबैक प्रणाली को लोगों का भरपूर समर्थन और स्नेह मिल रहा है। अब तक 595 शिकायतकर्ताओं ने इस डिजिटल माध्यम से सेवाओं पर अपनी राय दी है, जिनमें से 581 लोगों यानी लगभग 97 प्रतिशत ने पुलिस को 5 स्टार रेटिंग देकर भरोसा और संतोष प्रकट किया है। यह आंकड़ा न केवल पुलिस के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास का प्रमाण है, बल्कि कार्यकुशलता भी बताते है।

### पारदर्शी व्यवस्था : पुलिस अधीक्षक



पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के नेतृत्व में लागू की गई इस प्रणाली का मुख्य उद्देश्य पुलिस सेवाओं की गुणवत्ता पर सीधी और पारदर्शी प्रतिक्रिया प्राप्त करना है, ताकि समयबद्ध सुधार किए जा सकें। जिले के सभी थानों, चौकियों और सन्तरी पोस्टों पर क्यूआर कोड प्रदर्शित किए गए हैं, जिन्हें स्कैन कर नागरिक अपने अनुभव साझा कर सकते हैं। अब तक 595 लोगों ने फीडबैक दिया है, जिसमें से 581 5 स्टार रेटिंग दी है। 6 ने 4 स्टार रेटिंग के साथ सुझाव साझा किए वहीं 8 लोगों ने 1 स्टार रेटिंग दी, जिनकी शिकायतों पर गंभीरता से विचार हो रहा है। एसपी ने बताया कि यह फीडबैक सीधे थाना प्रभारी, डीएसपी और स्वयं पुलिस अधीक्षक तक पहुंचता है, जिससे आवश्यकतानुसार त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई की जा सकती है। यह प्रणाली न केवल आम नागरिकों को अपना अनुभव साझा करने का प्रभावी मंच देती है, बल्कि पुलिस को यह समझने में भी सहायता करती है कि सेवा के किन क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है। इससे पुलिसिंग में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसहभागिता को नई दिशा मिल रही है। पुलिस इस प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ और व्यापक बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। भविष्य में इसे अन्य शासकीय सेवाओं से जोडने की योजना है, जिससे जनता को एकीकृत, पारदर्शी और सरल शिकायत निवारण प्रणाली मिल सके।

नशा व अपराधमुक्त समाज की स्थापना के लिए मिलकर करें प्रयास

# हड़ौली में भवानी सिंह ने विद्यार्थियों को किया नशे के खिलाफ जागरूक

**फतेहाबाद।** सेवा पखवाड़े के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हड़ौली में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के तौर पर महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने भाग लिया वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता बलजीत कौर ने की।

स्कूल प्रिंसीपल बंसीलाल ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों को समाज को नशामुक्त करने का संकल्प दिलवाया गया।




गांव हड़ौली के स्कूल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते भवानी सिंह।

### सामाजिक बुराई

विद्यार्थियों को नशे से होने वाले नुकसानों बारे जागरूक करते हुए मुख्यअतिथि भवानी सिंह ने कहा कि नशा एक ऐसी सामाजिक बुराई है जो न केवल व्यक्ति को बल्कि पूरे समाज को खोखला कर देती है। नशा करने वाले व्यक्ति के साथ इसका दुष्प्रभाव पूरे समाज पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा भी जिले में युवाओं को जागरूक कर नशे जैसी बुराई से दूर करने का अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान लोगों को नशा छुड़ाने के साथ युवाओं को मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। अनेक युवा जो नशे में किसी कारणवश फंस जाते हैं, वह फिर गलत काम करते है।

# दुर्गा महोत्सव का समापन, शोभायात्रा निकालकर किया मूर्ति का विसर्जन

■ समारोह में कंजक पूजन करने के बाद कंजकों को श्रद्धा से भोजन करवाया गया

**फतेहाबाद।** लाजपत नगर में चल रहे नवरात्र महोत्सव का समापन हो गया। इससे पहले रात्रि को माता का विशाल जागरण आयोजित किया गया, जिसमें पंडित दीपक शर्मा द्वारा विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना करवाई गई। जागरण में वार्ड की कंजकों द्वारा ज्योत प्रज्जवलित कर जागरण का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर भजन गायक अमित अनुपम, गुरपाल सिंह ने मां की महिमा का गुणगान किया। उनके द्वारा गाए गए भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। जागरण के बीच में महाकाल जटाधारी आट्र्स ग्रुप द्वारा शंकर काली, शंकर पार्वती, राधा कृष्ण व शेरांवाली माता की झाँकियां प्रस्तुत की गई। समारोह में कंजक पूजन किया गया व कंजकों को भोजन करवाया गया।



फतेहाबाद। मूर्ति विसर्जन के लिए जाते श्रद्धालु।

### भजनों पर जमकर झूमे

इसके पश्चात माता की मूर्ति के साथ शहरभर में शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान श्रद्धालु रंग-गुलाल उड़ाते हुए माता के भजनों पर जमकर झूमे। इस दौरान चारों और नवरात्र महोत्सव का अलग ही नजारा मिल रहा था। रंग-गुलाल से पुते श्रद्धालु माता की भक्ति में मस्त दिखाई दे रहे थे। इसके पश्चात माता की मूर्ति का शहर के मुख्य बाजारों से होते हुए नम आँखों से बड़ोपल नहर में विसर्जन किया गया।

### अध्यापक संघ ने लगाए भ्रष्टाचार के आरोप, छह को करेंगे प्रदर्शन

■ मांगों को लेकर शिक्षकों में रोष डीईओ कार्यालय पर देंगे धरना

**फतेहाबाद।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ द्वारा लंबित मांगों और समस्याओं के समाधान को लेकर 6 अक्टूबर को फतेहाबाद में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर जिला स्तरीय रोष प्रदर्शन किया जाएगा। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि फिर भी अध्यापकों की समस्याओं का समाधान नहीं होता है तो धरना लगातार डीईओ कार्यालय पर सांय से तीन बजे तक हर रोज लगाया जाएगा। इसको लेकर अध्यापक संघ द्वारा जिलेभर में जनसम्पर्क अभियान शुरू किया गया है। अध्यापक संघ के राज्य उपमहासचिव कृष्ण नैन, राज्य आडिटर सुरजीत दुसाद, राज्य सचिव पूनम रानी, जिला प्रधान राजपाल मिताथल, सचिव देसराज माचरा व वरिष्ठ उप प्रधान डॉ नीतू डुडेजा ने कहा कि जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को कई बार संघ द्वारा अवगत कराया गया कि उनके कार्यालय में भ्रष्टाचार व्याप्त है। एसीपी, एलटीसी, मेडिकल बिल व अन्य कार्य लम्बे समय तक नहीं हो रहे। उन्होंने कहा कि एक ही स्कूल से एसीपी व एलटीसी के पांच मामले आते हैं, एक ही डीडीओ है, फिर भी उनमें से तीन मामले हो जाते हैं जबकि दो रह जाते हैं। इसका एकमात्र कारण भ्रष्टाचार है। उन्होंने कहा कि मेडिकल रिइम्बर्समेंट, एलटीसी सहित अन्य कार्यों में लापरवाही बरती जा रही है।

पथ संचालन | विजयदशमी से हुआ संघ शताब्दी वर्ष का शुभारंभ

बाबा भूमणशाह के उदासीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज ने किया संबोधित

# स्वयं, समाज, देश, गाय व बेटी की रक्षा के लिए शस्त्र उठाने में संकोच नहीं करना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ सिरसा द्वारा गुरुवार को विजयदशमी के दिन अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में घोष के साथ पथ संचलन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य डेरा बाबा भूमणशाह के उदासीन संत बाबा ब्रह्मदास महाराज ने कहा कि स्वयं की सुरक्षा के लिए शस्त्र उठाना ही होगा। क्योंकि स्वयं की सुरक्षा होगी, तभी समाज व देश की रक्षा होगी। उन्होंने कहा कि स्वयं, समाज, देश, गाय व बेटी की रक्षा के लिए शस्त्र उठाने में संकोच नहीं करना चाहिए। उन्होंने संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर सभी नगरवासियों को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राष्ट्रहित में कार्य करना संघ की मुख्य विशेषता है।



सिरसा। कार्यक्रम को संबोधित करते बाबा ब्रह्मदास व अन्य।

### त्याग व तपस्या के 100 साल

मुख्य वक्ता के रूप में विजय नढ़ा ने संघ के 100 साल पूर्ण होने पर उसके स्थापना और 100 साल के जीवनकाल के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि लाखों स्वयंसेवकों ने अपनी त्याग व तपस्या के द्वारा संघ का विस्तार किया। जिस प्रकार आदिकाल में राक्षस साधु-संतों को तंग करते थे, आज की स्थिति में अंग्रेजों और कांग्रेस सरकार ने राष्ट्रीय स्वयं संघ जैसे संत समान संगठन को बिना किसी कारण के तंग करने की कोशिश की। परंतु संघ समाज और स्वयंसेवकों की तपस्या से निरंतर बढ़ता रहा। आज के समय में संघ के स्वयंसेवक 50 से भी अधिक अखिल भारतीय संगठन चला रहे हैं। संघ में सौ वर्ष पूर्ण होने पर पंच परिवर्तन का निर्णय लिया। जिसमें पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्वः का बोध और नागरिक कर्तव्य शामिल हैं।

### राष्ट्रभक्ति का प्रतीक

सेवानिवृत्त कैप्टन सुखमिंद्र सिंह ने कहा कि सेना की तरह ही राष्ट्रीय स्वयं संघ राष्ट्रभक्ति में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्य देश के विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं और प्रधानमंत्री ने देश की सुरक्षा और सुरक्षा बलों को आधुनिक हथियारों से सुसज्जित किया है। यह राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की पाठशाला से शिक्षित प्रधानमंत्री की दूरदृष्टि से हुआ है। उन्होंने कहा कि स्वयं की रक्षा को सिखाने का कार्य आरएसएस कर रहा है। जयंत शर्मा मीडिया प्रभारी प्रचार विभाग राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिला ने बताया कि दो उपनगरों महर्षि वाल्मीकि नगर व गौतम बुद्ध नगर के कार्यक्रम 5 को आयोजित किए जाएंगे।